अपठित गद्यांश

बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है। यह वनों में पाया जाता है। इसकी देह पतली और हल्की होती है। इस पर गहरी कत्थई की धारियाँ बहुत सुंदर लगती हैं । इसका मुँह छोटा होता है और गर्दन पर अयाल नहीं होते हैं । इसकी दहाड़ शेर के समान दिल दहलाने वाली होती है। यह हमेशा टेड़ी चाल चलता है और कभी भी अपने शिकार पर सामने से आक्रमण नहीं करता है। इसका आक्रमण हमेशा छिपकर होता है। यह चालाक और धूर्त पशु है। इसकी छलांग शेर से लंबी होती है और दौड़ने का वेग भी अधिक होता है। यह खूँखार मांसाहारी पशुओं में स्फूर्ति के लिए प्रसिद्ध है। यह अपनी माँद में छिपा आराम करता है। यह रात्रि के समय अपने शिकार के लिए निकलता है। यह कभी-कभी वन से लगे गाँवों में जाकर भेड़, भैंस आदि को भी उठाकर ले आता है। फिर एकांत में बैठकर उसे खाता है। बाघ स्फूर्ति, चतुराई, साहस और तीव्रता का प्रतीक होने के कारण भारत का राष्ट्रीय पशु माना जाता है ।

प्रश्नः-क) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए-

१) भारत का राष्ट्रीय पशु कौन है और यह कहाँ पाया जाता हैं?

उत्तर- ---

----

२) बाघ की दहाड़ कैसी होती है?

उत्तर- ---

----

३) बाघ कैसा पशु और इसकी छलांग कैसी होती हैं?

उत्तर- ---

----

४) बाघ अपना शिकार कैसे करता है?

उत्तर- ---

----

५) बाघ किस कारण भारत का राष्ट्रीय पशु माना जाता है

उत्तर---